**HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN**
**BENCH AT JAIPUR**

S.B. Civil Writ Petition No. 11520/2026

CNR: RJHC020628442026 | URN: CW / 25500U / 2026

Smt. Naseem Begum W/o Late Shri Salimuddin, Aged About 66 Years, R/o 59-62, Manu Marg, Govind Nagar West, Amer Road, Jaipur, Rajasthan.

----Petitioner

Versus

1. The State Of Rajasthan, Through Secretary, Urban Development And Housing Department, Govt. Of Rajasthan, Secretariat, Jaipur.
2. The Deputy Housing Commissioner, Circle-Ii, Rajasthan Housing Board, Agarwal Farm, Mansarovar, Jaipur.

----Respondents

---

| | | |
|---|---|---|
| For Petitioner(s) | : | Mr. Ashir Gauri<br>Mr. J S Shekhawat |
| For Respondent(s) | : | |

---

**HON'BLE MRS. JUSTICE SHUBHA MEHTA**

**Order**

**28/07/2026**

प्रार्थनापत्र संख्या 01/2026 पर सुना गया।

यह प्रार्थनापत्र याची ने स्थगन प्रार्थनापत्र में अपनी प्रार्थना (prayer) को संशोधित करने हेतु प्रस्तुत किया है।

प्रार्थनापत्र में अंकित तथ्य और प्रस्तुत तर्क को देखते हुए प्रार्थनापत्र स्वीकार किया जाता है।

अन्तरिम स्थगन के संबंध में सुना गया।

याची अधिवक्ता का तर्क है कि याची ने अयाचीगण राजस्थान आवासन मण्डल को दिनांक 23.12.2023 को बहुमंजिला आवास में फ्लेट आवंटन के लिए सहमति हेतु लिखा था। याची ने दिनांक 26.12.2023 को समयावधि के भीतर ही सहमति दे दी थी, परन्तु उसे अब तक फ्लेट आवंटित नहीं किया गया है। उनका तर्क है कि

अयाचीगण को अन्तरिम आदेश से पाबन्द किया जावे कि आगामी आदेश तक वे बहुमंजिला आवस में एक फ्लेट, जिसके आवंटन के लिए याची अधिकारी है, को किसी अन्य को अन्तरित नहीं करें।

सुना गया। प्रकरण के तथ्यों–परिस्थितियों को देखते हुए यह अन्तरिम आदेश दिया जाता है कि आगामी तिथि तक अयाची आवासन मण्डल बहुमंजिला आवास में एक फ्लेट याची के लिए सुरक्षित रखें।

अयाचीगण को स्थगन प्रार्थनापत्र के नोटिस जारी किये जावें।

याची अधिवक्ता इस हेतु नोटिस मय आदेशिका शुल्क प्रस्तुत करें, जो प्रस्तुत होने पर जारी किये जावें।

(SHUBHA MEHTA),J

69/VISHAL SHARMA